लोकमत समाचार

एजुकेशन न्यूज

आईआईएम नागपुर में एक्जीक्यूटिव एमबीए प्रोग्राम के लिए प्रवेश शुरू

नागपुरः आईआईएम नागपुर कैंपस के शैक्षणिक वर्ष 2022-24 के लिए एक्जीक्यूटिव एमबीए प्रोग्राम (वर्किंग प्रोफेशनल्स के लिए एमबीए) के लिए प्रवेश शुरू हो चुके हैं. दो वर्षीय एक्जीक्यूटिव एमबीए प्रोग्राम मध्य से वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों के लिए है, जो अपने करियर के विकास में तेजी लाना चाहते हैं. प्रवेश के लिए स्नातक में न्यूनतम 50% अंकों (या समकक्ष) के साथ न्यूनतम तीन साल के कार्य का अनुभव आवश्यक है. एक्जीक्यूटिव एमबीए प्रोग्राम को वीकेंड/सप्ताह के दिन शाम को क्लास मोड में शेड्यूल किया जाएगा ताकि वर्किंग प्रोफेशनल्स अपने करियर में ब्रेक लिए बिना इसमें शामिल हो सकें. यह प्रतिभागियों को औपचारिक प्रबंधन शिक्षा से लैस करने और उनके कौशल को तेज करने के लिए डिजाइन किया गया है ताकि वे वरिष्ठ नेतृत्व की भूमिकाओं में जा सकें. नागपुर कैंपस (बैच 2022-24) के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 3 सितंबर 2022 है. अधिक जानकारी के लिए आईआईएम नागपुर की वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं.